हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–140 : जौनपुर, गुरुवार 21 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## ज्ञानवापी–श्रृंगार गौरी मामले में हिंदू पक्ष की बहस पूरी : 25 को मस्जिद कमेटी देगा जवाब

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी में नियमित दर्शन की याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं, इस पर जिला जज की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मुद्दे पर कई तारीखों से जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट में चल रही सुनवाई के क्रम में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के बाद पांचों वादिनीगण और डीएम, पुलिस आयुक्त व मुख्य सचिव प्रदेश शाशन की तरफ से बहस गुरुवार को पूरी कर ली गई। अब मुस्लिम पक्ष यानि मसाजिद कमेटी को जवाबी बहस के लिए 25 जुलाई की तिथि तय की गई है। गुरुवार को सुनवाई शुरू होते ही वादिनी राखी सिंह की तरफ से मानबहादुर सिंह ने अपनी बहस जारी रखी। कहा कि यह वाद सिर्फ दर्शन–पूजन–राग व भोग के लिए दाखिल किया गया है। विशेष धर्म उपासना स्थल 1991 में यह कहा गया है कि आजादी के समय जो धर्म स्थलों की स्थिति थी वही रहेगी। यह वाद इससे इतर है। इसमें सिर्फ दर्शन–पूजन की बात कही गई है। ज्ञानवापी में मिले पूजा–पाठ का अधिकार कहा कि स्वरूप बदलने की बात नहीं की गई है। इसके बावजूद इस मामले को हिंदू–मुस्लिम और मंदिर–मस्जिद का विवाद बताकर तूल दिया गया। दर्शन–पूजन हमारा सिविल अधिकार है। इसे रोका नहीं जाना चाहिए। हम इसके अधिकारी हैं इसलिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अदालत में बहस के दौरान श्रृंगार गौरी कहां स्थित है, इसे कोर्ट में स्पष्ट



कर बताया गया कि विवादित मस्जिद के पीछे है। बताया गया कि अवैध निर्माण कर मस्जिद बनाई गई है। दलील में कहा गया कि कि पूजा–पाठ पर लगी रोक को हटाई जाए। सिविल अधिकार के तहत पूजा–पाठ करने दिए जाने की मांग की गई। वादिनी पक्ष की दलील समाप्त होने पर काशी विश्वनाथ मंदिर के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी और गिरीश उपाध्याय ने इस वाद में पक्षकार बनाए जाने के आवेदन पर अपना पक्ष रखना चाहा। इस पर जिला जज ने यह कहते हुए इजाजत नहीं दी कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ऑर्डर–7 रूल–11 के आवेदन पर निर्णय देना है। पक्षकार बनने के मुद्दे पर बाद में सुनवाई होगी। इसके बाद डीएम, पुलिस आयुक्त और प्रदेश शासन के मुख्य सचिव की तरफ से डीजीसी सिविल महेंद्र प्रसाद पांडेय ने दलील रखी। कहा कि अदालत ने जो भी पूर्व में आदेश दिया वो सम्यक रूप से पालन किया गया। चाहें वो सर्वे कराने का आदेश हो या वजू स्थल सील करने का। भविष्य में जो भी अग्रेतर आदेश कोर्ट देगी, उसका सम्यक अनुपालन कराने के लिए शासन–प्रशासन प्रतिबद्ध है।

## लायन्स क्लब जौनपुर 'क्षितिज' का चतुर्थ शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायन्स क्लब जौनपुर क्षितिज का चतुर्थ शपथ ग्रहण समारोह नगर के एक मैरिज लॉन में सम्पन्न हुआ जहां सत्र 2022–23 की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सीए सौरभ कांत जी, मुख्य वक्ता एमजेएफ लायन डॉ. क्षितिज शर्मा जी , अधिष्ठापन अधिकारी वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पी एम जे एफ अजय मेहरोत्रा जी ,दीक्षा अधिकारी वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन बलबीर सिंह बग्गा जी रहे जिन्होंने दीप प्रज्ज्वलित करके समारोह का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् समृद्धि सहाय ने गणेश वंदना की प्रस्तुति करके उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। रिंकी श्रीवास्तव ने ध्वज वंदना पढ़ी जिसके बाद शिल्की श्रीवास्तव ने लायन्स का एथिक्स पढ़ा। इसी क्रम में लायन अध्यक्ष लायन जय कृष्ण साहू जैकी ने अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही अध्यक्षीय प्रतिवेदन पढ़ते हुए क्लब के गठन में सहयोग करने वालों सहित पिछले सत्र को सफलतापूर्वक व्यतीत करने में सहयोग देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया. सचिव लायन प्रदीप सिंह ने सचिव रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इसी क्रम में लायन बलबीर सिंह बग्गा ने नये सदस्य रत्नेश गुप्ता, संजीव साहू, आशीष चौरसिया, डॉक्टर अभिषेक मिश्रा, नीरज श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, राजेश किशोर श्रीवास्तव व डॉ गौरव प्रकाश मौर्या को संस्था की सदस्यता ग्रहण कराते हुए शपथ दिलायी। साथ ही क्लब के मानव सेवा के क्षेत्र में कार्य एवं सिद्धांतों से अवगत कराया। अधिष्ठापन अधिकारी लायन अजय मल्होत्रा ने विष्णु सहाय एवं सीमा सहाय को अध्यक्ष के साथ–साथ धर्मेंद्र सेठ उपाध्यक्ष प्रथम, सर्वेश जयसवाल उपाध्यक्ष द्वितीय, अतुल सिंह उपाध्यक्ष संजय बैंकर उपाध्यक्ष चतुर्थ, देव आनन्द व शिल्की श्रीवास्तव को सचिव, अजीत सोनकर व सुषमा सोनकर को कोषाध्यक्ष, दिलीप सिंह स्ब्ब्थ कोऑर्डिनेटर, राजीव गुप्ता, देवेश जी वैश्य, प्रदीप सिंह सिंह, दिलीप जायसवाल, कौशल त्रिपाठी, डॉ चंदन नाथ गुप्ता, नीरज सिंह, सुनील जायसवाल, डा. प्रशांत द्विवेदी, संजय गुप्ता, हसन अब्बास, शिवेंद्र सेठ, देवेंद्र सिंह पिंकू, संजय जयसवाल, वैभव श्रीवास्तव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ के बाद लायन्स, जे. सी.आई. तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने नवचयनित अध्यक्ष विष्णु सहाय को फूल–मालाओं से लाद दिया। वहीं स्वीकृति भाषण देते हुए विष्णु सहाय ने संस्था के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त




करते हुए कहा कि जिस विश्वास से उन्हें इस क्लब का नेतृत्व करने के लिए अवसर प्रदान किया है, मैं आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए अधिक से अधिक सेवा कार्य करने का प्रयास करुंगा। नवचयनित अध्यक्ष ने लायंस क्लब जौनपुर क्षितिज की प्रबंध कार्यकारिणी एवं क्लब के उच्च पदाधिकारियों को क्लब को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आश्वासन दिया जिससे क्लब उच्च शिखर पर स्थापित हो सके। इसके लिए आप सभी का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है। साथ ही उन्होंने अतिथियों को अंग वस्त्र और तुलसी के पौधे भेंट किया। इसी क्रम में डा. क्षितिज शर्मा ने कहा कि वह इस क्लब के सदस्य नहीं है बल्कि क्लब के नाम से उनका नाम मिलता है मैं लायंस क्लब मेन का सदस्य हूं वहां मेरा तन रहता है और लायंस क्लब क्षितिज में मेरी आत्मा रहती है। मुख्य अतिथि लायन सौरभ कांत ने कहा लायन्स क्लब क्षितिज ने बहुत ही सराहनीय व प्रशंसनीय सेवा कार्य किया मैं व्यक्तिगत लायंस क्लब क्षितिज के सेवकार्यों से बहुत प्रभावित हूँ। लायंस क्लब जौनपुर क्षितिज मंडल में एक नई ऊंचाई प्राप्त करे और इंटरनेशनल अवार्ड प्राप्त करें यह मेरी शुभकामना है उन्होंने शानदार सेवा कार्यों के लिये इंटरनेशनल प्रेसिडेंट के द्वारा प्रदत्त एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, द्वितीय अध्यक्ष दिलीप सिंह व निवर्तमान अध्यक्ष कृष्ण साहू को प्रदान किया। कार्यक्रम संयोजक देवेश जी वैश्य और दिलीप जयसवाल रहे। कार्यक्रम का संचालन अतुल सिंह व अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से किया। अन्त में संस्थापक अध्यक्ष लायंस क्लब जौनपुर क्षितिज शशांक सिंह रानू ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निवर्तमान लायनेस अध्यक्ष यवनिका सिंह, एसोसिएट कैबिनेट सचिव लायन सुधीर भल्ला, मल्टीपल पी आर ओ लायन राजीव सेंगर ,पूर्व मंडल कोषाध्यक्ष लायन राजेंद्र गुप्ता , रीजन चेयरमैन अशोक मौर्य, जोन चेयरमैन संतोष साहू, डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन क्षय रोग सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, अ.भा.का. म. अध्यक्ष लायन राकेश श्रीवास्तव, लायन मनीष गुप्ता पूर्व कैबिनेट कोषाध्यक्ष, नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, अवनीन्द्र तिवारी, श्री ओम जी सहाय, जगदीश चंद्र गुप्ता ,श्याम सुंदर मिगलानी सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी गण व तमाम लोग उपस्थित रहे।

## कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ पर राज्य कर्मचारियों में खुशी

जौनपुर सू.वि. : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों लखनऊ में हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में जनपद की स्वास्थ्य इकाई गुरुवार को यूट्यूब के माध्यम से जुड़ी। लोगों ने एक साथ मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में योजना के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि योजना में प्रदेश के लगभग 22 लाख सेवारत एवं सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के साथ ही 75 लाख से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिलेगा। इसके तहत उन्हें सरकारी एवं आयुष्मान भारत योजना में सूचीबद्ध गैरसरकारी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। https://sects.up.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से उन्हें यह सुविधा मिलेगी। सीएमओ कार्यालय सभागार शुभारंभ कार्यक्रम को देखने



के लिए सीएमओ डॉ0 लक्ष्मी सिंह, आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ राजीव कुमार के साथ ही बड़ी संख्या में जनपद की स्वास्थ्य टीम से लोग थे। योजना शुरू किए जाने पर लोगों ने अपनी खुशी का इजहार किया।

## शहर में दिनदहाड़े शिक्षक दंपति के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शहर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मुरादगंज स्थित टीचर कॉलोनी में बुधवार को दोपहर चोरों ने शिक्षक दंपति के घर का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात समेत करीब ढाई लाख से अधिक का माल पार कर दिया। चोरों ने तकरीबन 45 मिनट में मकान के सारे कमरों को खंगाल डाला और कीमती सामान समेट कर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई चोरी की यह वारदात मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई ।सीसीटीवी फुटेज के सहारे पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है ।नगर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मुरादगंज में स्थित टीचर कॉलोनी निवासी हरिकेश मौर्य और उनकी पत्नी नंदिनी मौर्या दोनों बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक हैं ।बुधवार को दोनों पति पत्नी विद्यालय गए थे । बच्चे भी स्कूल गए थे। घर में ताला बंद था। दोपहर में करीब दो बजे नंदनी स्कूल से घर पहुंची तो देखा मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था ।उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुट गए ।



लोग घर के अंदर दाखिल हुए तो देखा कि अलग–अलग कमरों में अलमारियां टूटी हुई थी और उसमें रखा 50 हजार नकदी, दो लाख से अधिक के जेवरात गायब थे ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी पूरे घर की छानबीन की। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया तो पता चला मुख्य गेट को फाद कर बाउंड्री के अंदर कूदने से लेकर ताला तोड़ने और घर के अंदर से सारे नगदी और जेवरात समेट कर बाहर निकलने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे छानबीन में जुटी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष लाइनबाजार का कहना है कि घटना की सूचना मिली है। पुलिस छानबीन में जुटी है। शीघ्र ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

## स्थानांतरण में दोषी अधिकारियों को दंडित करने के साथ नियम विरुद्ध किए गए स्थानांतरण को निरस्त कराया जाय –इप्सेफ

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : इप्सेफ ने मा मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया है कि स्थानांतरण में दोषी अधिकारियों को दंडित करने के साथ नियम विरुद्ध किए गए स्थानांतरण को निरस्त भी कराएं। इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी मिश्रा ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से संबंध स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी संगठनो द्वारा आंदोलन किए जा रहे हैं जिसके अनुसार दिनांक 20 जुलाई से 24 जुलाई तक काला फीता बांधकर स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों द्वारा विरोध किया जायेगा ।उसके बाद 25 जुलाई को सीएमओ कार्यालय पर कर्मचारी धरना देंगे तथा 26 जुलाई से 30 जुलाई तक दो दो घंटे का कार्य बहिष्कार करेंगे जिसमें सभी चिकित्सालयों में 2 घंटे कार्य स्थगित रहेगा। मिश्र ने कहा कि स्थानांतरण नीति के विरुद्ध किए गए हैं स्थानांतरण के लिए उत्तरदाई अधिकारियों को तो दंडित किया जा रहा है परंतु पैरामेडिकल कर्मचारियों के स्थानांतरण का निरस्त करने की कार्यवाही नहीं की जा रही है ।कर्मचारियों को कार्य मुक्त किया जा रहा है और यह भी बताया गया है कि उनसे सरकारी आवास भी खाली कराए जा रहे हैं। श्री अतुल मिश्रा राष्ट्रीय सचिव इप्सेफ ने बताया कि यह कार्यवाही ऐसे कर्मचारियों के साथ की जा रही है जिन्होंने अपनी व परिवार की जान को दांव पर लगाकर कोविड–19 महामारी में मरीजों की सेवा की और इसी का परिणाम रहा कि उत्तर प्रदेश में यह बीमारी लगभग समाप्ति पर है और अब भी वे सेवा कर रहे हैं। डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल कर्मचारियों के गलत स्थानांतरण के कारण चिकित्सालयों में कार्य ठप है। उन्होंने माननीय उप मुख्यमंत्री ,चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री बृजेश पाठक जी से आग्रह किया है कि चिकित्सालयों में सामान्य स्थिति लाने के लिए तत्काल निर्णय कराएं। परिषद के पदाधिकारी के साथ वार्ता आहूत कर शीघ्र समस्या का निदान कराए।

## अनियमित स्थानांतरण के विरोध में दूसरे दिन भी सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने काला फीता बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के आह्वान पर स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा किए गए अनियमित स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग को लेकर आज दूसरे दिन भी सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने काला फीता बांधकर अपना विरोध जताया । जनपद शाखा के अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ के सभी बड़े चिकित्सालय बलरामपुर ,सिविल ,लोहिया ,रानी लक्ष्मी बाई ,वीरांगना देवी ,सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के सभी कर्मचारियों ने नीति विरुद्ध स्थानांतरण का विरोध किया और उसे निरस्त करने की मांग की ।बलरामपुर चिकित्सालय में आज जनपद शाखा की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अनेक संवर्गों के पदाधिकारी उपस्थित थे ।पदाधिकारियों ने कहा कि पिछली गलतियों से सबक न लेते हुए एक बार पुनः स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा स्थानांतरण को कमाई का साधन बनाते हुए अनैतिक रूप से जल्दबाजी में स्थानांतरण सूची जारी की गई है, जो निरस्त होने योग्य है ।बैठक में परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा स्थानांतरण की अंतिम तारीख के बाद विभिन्न संवर्गों के स्थानांतरण की सूची जारी की गई ।समायोजन के नाम पर भी स्थानांतरण किया गया है। श्री मिश्र ने यह



भी बताया कि कल लखनऊ जनपद के समस्त चिकित्सालयों में प्रांतीय पदाधिकारी शिरकत करते हुए कर्मचारियों को सम्बोधित करेंगे व सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर धरने को सफल बनाने की रणनीति बनाते हुए अपील करेंगे ।बैठक का संचालन करते हुए जिला मंत्री संजय पाण्डेय ने कहा कि कुछ पदाधिकारियों के भी स्थानांतरण किए गए, कई पदाधिकारियों का समायोजन अन्यत्र जनपद कर दिया गया। दांपत्य नीति से आच्छादित कार्मिकों को नीति विरुद्ध तरीके से दूरस्थ जनपदों में अलग–अलग भेजा गया ।ऐसा लगता ही नहीं कि यह स्थानांतरण है बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि धन कमाने की लालसा से किया गया कृत्य है । परिषद ने सूची निरस्त ना होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सुरेश कुमार संखवार राजभाषा विशेष पुरस्कार से सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेल मंत्रालय की व्यक्तिगत नगद पुरस्कार योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रथम सुरेश कुमार संखवार को राजभाषा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में सहायक वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत सुरेश कुमार संखवार को इनके द्वारा शत–प्रतिशत सरकारी कार्य राजभाषा हिंदी में संपादित किए जाने पर रेल मंत्रालय ६ रेलवे बोर्ड नई दिल्ली स्थित राजभाषा निदेशालय द्वारा व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र सहित नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसे आज डॉ मोनिका अग्निहोत्री



पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा प्रदान किया गया है। इस अवसर पर अम्बर प्रताप सिंह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ भी उपस्थित रहे।

## जेड. आर. यू. सी. सी मेंबर एवं भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने रेल मंत्री के प्रति व्यक्त किया आभार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने श्रावण मास के अवसर पर गोंडा से वाराणसी एवं वाराणसी से गोंडा तक इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनों का पुनरू संचालन शुरू किए जाने पर भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। जेड. आर. यू. सी. सी मेंबर एवं भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विगत 22 जून 2022 को दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी से मिलकर रेलयात्रियों एवं रेल कर्मचारियों की समस्याओं के परिपेक्ष्य में सम्मान सहित अवगत कराते हुए श्रावण मास के अवसर पर देवीपाटनमंडल वासियों के सुविधा हेतु गोंडा से वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस चलाने समेत विभिन्न ट्रेनों के संचालन हेतु आग्रह किया था जिस पर रेल मंत्री द्वारा संज्ञान में लेकर निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया था इसी क्रम में गोंडा जंक्शन से वाराणसी जंक्शन का संचालन आगामी 1 अगस्त 2022 से शुरू



कर दिया जाएगा। संचालन के अविलंब प्रयास हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक सहित सभी संबंधित अधिकारी बधाई के पात्र हैं ।

## एसएसपी के ऑनलाइन पब्लिक फीड बैक में 8 थाने फिसड्डी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : एसएसपी डाक्टर गौरव ग्रोवर ऑनलाइन पोल के माध्यम से थानों की कार्यशैली पर जनता का पब्लिक पोल ट्विटर और सोशल मीडिया के माध्यम से लिया गया था। जिसमें 8 थानों की कार्यशैली बेहद खराब है।चौरी चौरा थाना, पिपराइच थाना , गोला थाना, खजनी थाना , बेलीपार थाना , कैंपियरगंज थाना, चिलुआताल थाना, बड़हलगंज थाना का कार्यशैली जनता के फीडबैक पर बेहद खराब है। ट्विटर पोल के बाद अब देखना हैं इन आठ थानों पर एसएसपी क्या कार्यवाही करते हैं।

### शराब के लिए रुपये नहीं देने पर मनबढ़ ने पशु चिकित्सक पर चलाई गोली : पुलिस के हवाले किया गया आरोपित

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिले में शराब के लिए रुपये नहीं देने पर मनबढ़ ने गगहा थाना क्षेत्र के हाटा बाजार में पशु चिकित्सक पर गोली चला दी। गनीमत थी कि गोली पशु चिकित्सक को नहीं लगी। उन्होंने बाजार में मौजूद लोगों के सहयोग से आरोपित को दौड़ाकर पकड़ लिया और उसे पुलिस को सौंप दिया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

इस धरा का, इस धरा पर, सब धरा रह जायेगा।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# अच्छी दोस्ती : भारत और अमेरिका के रिश्ते का अमृत वर्ष

अमेरिकी रक्षा निर्यात 20 अरब डॉलर को पार कर गया है, जो बढ़ते रक्षा सहयोग को रेखांकित करता है। पहली बार भारत ने अमेरिका से 14 अरब डॉलर का गैस एवं तेल आयात किया है। वर्ष 2021—22 में अमेरिका चीन को पछाड़कर भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है। द्विपक्षीय व्यापार 119.42 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

जब अमेरिकी प्रकृतिवादी, कवि और दार्शनिक हेनरी डेविड थोरो ने 1849 में अपना प्रसिद्ध निबंध सविनय अवज्ञा लिखा, तो उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि यह छह दशक बाद एक भारतीय वकील मोहनदास करमचंद गांधी को प्रेरित करेगा और वह दक्षिण अफ्रीका में इसे प्रतिध्वनित करेंगे, जिन्होंने भारत लौटने के बाद अपने सत्याग्रह से ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया तथा भारत को स्वतंत्रता पाने में मदद की। दिलचस्प बात यह है कि गांधी को भी यह नहीं पता था कि ब्रिटिश ज्यादतियों के खिलाफ उनका अहिंसक प्रतिरोध अमेरिकी अश्वेत नागरिक अधिकार नेता, डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर को प्रेरित करेगा, जो अपने घर और कार्यालय में गांधी की तस्वीर लटकाकर रखते थे।

करीब पचास वर्ष पहले स्वामी विवेकानंद ने सितंबर, 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद को संबोधित कर अपने प्रसिद्ध भाषण से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। अंग्रेजी कविता के कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि टी. एस. इलियट के वेस्टलैंड पर भगवद्गीता का प्रभाव झलकता है। भारत के लोग अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट का आभार जताते हैं, जिन्होंने 1943 में कासाब्लांका कॉन्फ्रेंस में भारत की आजादी के लिए ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल से बातचीत की थी।

भारत और अमेरिका एक जैसे मूल्य साझा करते हैं—लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, कानून का राज, धार्मिक सहिष्णुता और उनका बहुजातीय, बहुनस्लीय, बहुभाषी, बहु—धार्मिक और बहुलतावादी समाज। दिलचस्प है कि इन समानताओं ने उन्हें अच्छा दोस्त नहीं बनाया। दो सैन्य संगठनों—1954 में दक्षिण पूर्व एशिया संधि संगठन (सीटो) और 1955 में केंद्रीय संधि संगठन (सेन्टो) में पाकिस्तान को शामिल करने को लेकर भारत को आशंकाएं थीं। शीतयुद्ध के दौर में भारत की गुटनिरपेक्ष नीति के बावजूद उसके सोवियत संघ के करीब होने की अमेरिकी धारणा के चलते अमेरिका और भारत अलग—अलग रहे।

भारत यह भी नहीं भूल सकता था कि जब पाकिस्तान की आक्रामकता का शिकार होकर वह संयुक्त राष्ट्र में जम्मू और कश्मीर के मुद्दे को लेकर गया था, तो ब्रिटेन, फ्रांस और अमेरिका द्वारा पाकिस्तान का समर्थन किए जाने के कारण दांव उल्टा पड़ गया था। भारत की यात्रा करने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ड्वाइट आइजनहावर थे। उन्होंने दिसंबर, 1959 में भारत की सफल यात्रा की। हैरानी की बात है कि नवंबर, 1961 में भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की अमेरिका की यात्रा सफल नहीं रही। नेहरू और जॉन एफ कैनेडी व्यक्तिगत सामंजस्य नहीं बिठा सके।

हालांकि, यह कैनेडी ही थे, जो 1962 में चीन द्वारा आक्रमण करने पर भारत को जरूरी रक्षा उपकरणों की आपूर्ति के लिए आगे आए। फिर जब भारत को अन्न संकट का सामना करना पड़ा, तो अमेरिका ने चर्चित पीएल 480 कानून के तहत गेहूं की आपूर्ति की। माना जाता है कि कुछ अमेरिकी कृषि वैज्ञानिकों ने डॉ एमएस स्वामीनाथन की मदद की, जिन्होंने हरित क्रांति की शुरुआत की और भारत को अनाज उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। फोर्ड फाउंडेशन और कई अमेरिकी शैक्षणिक संस्थानों ने आईआईटी, कानपुर की स्थापना में सहायता की।

अभी करीब चार लाख भारतीय छात्र अमेरिका में पढ़ रहे हैं। अमेरिका के आधा दर्जन से अधिक प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूल आज भारतवंशी शिक्षाविदों के नेतृत्व में चल रहे हैं। वर्ष 1971 में भारत—अमेरिकी संबंधी खराब हो गए, जब राष्ट्रपति निक्सन ने बेशर्मी से पाकिस्तानी सैन्य तानाशाह याह्या खान का समर्थन किया। सोवियत संघ के पतन और आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत के बाद दोनों देशों के लिए एक—दूसरे पर नए सिरे से विचार करने और सहयोग के रास्ते तलाशने की स्थिति पैदा हुई।

हालांकि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की इस बात के लिए अमेरिका में सराहना की गई, कि भारत—अमेरिका स्वाभाविक सहयोगी हैं, लेकिन मई, 1998 में जब भारत ने परमाणु परीक्षण किया, तो राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने भारत पर सबसे गंभीर प्रतिबंध लगाए। मार्च, 2000 में राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की यात्रा ने विविध और सहयोगी संबंधों के लिए संस्थागत बुनियादी ढांचे का निर्माण किया। वर्ष 2006 में राष्ट्रपति जॉर्ज बुश और प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह द्वारा असैन्य परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर के बाद भारत—अमेरिका संबंधों में शानदार बदलाव आया।

राष्ट्रपति बराक ओबामा दो बार भारत आए। ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में भारत—अमेरिका संबंधों में विविधता आई। ट्रंप ने एशिया और प्रशांत महासागर के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को इंडो—पैसिफिक के रूप में वर्णित कर भारत के महत्व को रेखांकित किया था। भारत—अमेरिका संबंध अब तक के सबसे अच्छे दौर से गुजर रहा है। भारत अमेरिका का रणनीतिक साझेदार एवं प्रमुख रक्षा भागीदार है और इसे एसटीए—1 का दर्जा दिया गया है, जो उसे संवेदनशील प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण के लिए अमेरिका के नाटो सहयोगियों के बराबर दर्जा देता है।

अमेरिकी रक्षा निर्यात 20 अरब डॉलर को पार कर गया है, जो बढ़ते रक्षा सहयोग को रेखांकित करता है। पहली बार भारत ने अमेरिका से 14 अरब डॉलर का गैस एवं तेल आयात किया है। वर्ष 2021—22 में अमेरिका चीन को पछाड़कर भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है। द्विपक्षीय व्यापार 119.42 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। वर्ष 2000 से मार्च, 2022 तक अमेरिकी कंपनियों ने कुल 54.1 अरब डॉलर का निवेश किया है। भारत के समक्ष चीन की आक्रामक एवं मुखर चुनौती है। ऐसे में भारत और अमेरिका के बीच कोविड वैक्सीन आपूर्ति, जलवायु परिवर्तन, नई तकनीकों, वैकल्पिक आपूर्ति शृंखलाओं, इंडो—पैसिफिक, इंडो—पैसिफिक इकनॉमिक फ्रेमवर्क, क्वाड और अब आई2यू2 में सहयोग महत्वपूर्ण है।

तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ करीबी रिश्ता रखने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बदलाव का नेतृत्व किया है। ईरान, रूस, चीन, अफगानिस्तान, यूक्रेन और व्यापार संबंधी मतभेदों के बावजूद भारत और अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों के व्यापक दृष्टिकोण का अनुसरण करते हैं। दोनों देशों को एक दूसरे के हितों के प्रति संवेदनशीलता दिखानी चाहिए और सहयोग के क्षेत्र को व्यापक बनाने के लिए काम करना चाहिए। भारत—अमेरिकी संबंध दीर्घायु हो!

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# व्यक्तिगत शादी अनुदान बंद होने से गरीब परिवार की 2084 बेटियों को झटका

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : योगी आदित्यनाथ सरकार के व्यक्तिगत शादी अनुदान योजना को बंद किए जाने से अकेले गोरक्षनगरी में 2084 गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की बेटियां इस लाभ से वंचित रह गई हैं। व्यक्तिगत शादी अनुदान योजना के अंतर्गत सरकार विभिन्न विभागों के जरिए 20 हजार रुपये का अनुदान देती थी। फिलहाल सरकार गरीब बेटियों की शादी के लिए अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ही मदद देगी । समाज कल्याण विभाग की ओर से गरीब बेटियों की शादी के लिए शादी के 03 माह पूर्व या शादी के 03 माह बाद तक व्यक्तिगत अनुदान के रूप में 20 हजार रुपये की धनराशि दी जाती थी। समाज कल्याण विभाग सामान्य और अनुसूचित जाति की बेटियों की शादी के लिए, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा ये योजनाएं संचालित थी। गोरक्षनगरी में अनुसूचित जाति के 911 आवेदन, सामान्य वर्ग के 293 आवेदन, पिछड़ा वर्ग के 380 आवेदन और अल्पसंख्यक वर्ग के 500 आवेदन बजट से अभाव में लंबित हैं। लेकिन अब योजना बंद होने के चलते अब संबंधित पोर्टल पर आवेदन करने वालों को कोई लाभ नहीं मिलेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह कहते हैं कि सरकार ने इस बार सामूहिक विवाह योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा गरीब बेटियों की शादी कराने के लिए बजट में अच्छा—खास प्रावधान किया। जबकि व्यक्तिगत शादी अनुदान योजना में बजट नहीं मिला।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक वसूली के अधिकतम वादों के निस्तारण हेतु बैठक आयोजित

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर, श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के आदेशानुसार 13 अगस्त 2022 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन स्तर पर बैंक वसूली के अधिकाधिक वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में राजेश कुमार राय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में एवं श्री विवेक विक्रम, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संयोजन में विचार विमर्श हेतु बैंक पदाधिकारियों के साथ विश्राम कक्ष, ए0डी0आर0 भवन, दीवानी न्यायालय जौनपुर में 21 जुलाई 2022 को समय 04.30 बजे बैठक आहूत की गयी। बैठक में राजेश कुमार राय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा समस्त बैंक प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि वह व्यक्तिगत रूचि लेते हुए आगामी लोक अदालत में अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस पर शाखा प्रबन्धकगण द्वारा निस्तारण में पूर्ण सहयोग हेतु प्रतिबद्धता जाहिर की गयी तथा अधिकतम मामलों के निस्तारण का आश्वासन दिया गया। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर विवेक विक्रम द्वारा लोक अदालत के माध्यम से वाद निस्तारण के लाभों को बताते हुए बैंक पदाधिकारी गण को योग्य



मामलों में शीघ्र चिन्हित कर उनको समय से नोटिस प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित प्रबन्धक गण द्वारा बताया गया कि ऋणी को नोटिस प्रेषित किये जाने हेतु वाद चिन्हित कर लिये गये है, प्राथमिकता के आधार पर नोटिस तैयार की जा रही है, जल्द ही उचित माध्यम से प्रेषित कर अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराया जायेगा। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया, बड़ौदा यू0पी0 बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया, केनरा बैंक, इण्डियन बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, के शाखा प्रबन्धकगण उपस्थित हुए।

# रिश्तेदार के यहां शादी में आए दो किशोरों की तालाब में डूबने से मौत : परिवार में मचा कोहराम

प्रयागराज ब्यूरो : मऊआइमा कस्बे में रिश्तेदार के घर शादी में आए दो किशोरों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इससे शादी वाले घर मे खुशियों की जगह मातम फैल गया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने लोगों के सहयोग से शवों को बाहर निकलवाया। पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना से पूरे बाजार में शोक व्याप्त रहा। परिजनों का रो—रोकर बुरा हाल हो गया है। मऊआइमा बाजार के मोहल्ला अबु हलीम पट्टी निवासी बब्बू के लड़के की शादी थी। बारात बृहस्पतिवार को जानी थी। इसके लिए जोरशोर से तैयारी की जा रही थी। घर पर बड़ी संख्या में रिश्तेदार भी पहुंचे थे। सुबह करीब आठ बजे शादी में आए दो किशोर मोहम्मद मेहन (17) पुत्र इकबाल निवासी जलालपुर थाना फुलपुर प्रयागराज और मोनिस उर्फ कैफ (17) पुत्र नौशाद निवासी चिकनी तालाब कोतवाली भदोही नहाने के लिए मऊआइमा के ईदगाह तालाब पर चले गए। नहाते समय गहरे पानी में जाने से वह डूबने लगे। सुबह के समय भीड़ कम होने के कारण काफी देर बाद लोगों की नजर उन पर पड़ी तो शोर मच गया। बड़ी संख्या में लोगों ने तालाब में कूदकर जब तक उन्हें बाहर निकाला उनकी सांसें थम गई



थीं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि यह तालाब काफी पुराना और पक्का है। इसकी गहराई भी काफी ज्यादा है। घटना से शादी वाले घर में मातम पसर गया। दोपहर 12 बजे बारात जानी थी लेकिन घटना के चलते अपराह्न तीन बजे तक बारात नहीं उठ सकी थी। पूरा माहौल गमहीन रही।

# व्हाट्सएप पर डीआईजी की डीपी लगाकर 23 शिक्षिकाओं को धमकाया : मांगी निजी जानकारी

प्रयागराज ब्यूरो : तेलियरगंज स्थित महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर स्कूल की 23 शिक्षिकाओं को धमकाने का मामला सामने आया है। किसी ने डीआईजी अमित पाठक की डीपी लगाकर खुद को आईपीएस अफसर बताते हुए शिक्षिकाओं से उनकी निजी जानकारी मांगी। साथ ही इंकार करने पर धमकी दी। शिक्षिकाओं ने इसकी शिकायत शिवकुटी पुलिस से की है। शिक्षिकाओं के पास तीन दिन पहले एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया। कुछ देर बाद व्हाट्सएप के जरिये कॉल की गई। कॉल रिसीव करने पर फोन करने वाले ने खुद को आईपीएस अफसर बताया। साथ ही कहा कि उनके और स्कूल के कुछ अन्य लोगों के मोबाइल से अभद्र मैसेज भेजे जा रहे हैं। इसकी शिकायत मिली है। ऐसे में अपने स्टाफ के बारे में जानकारी दीजिए। शिक्षिकाओं ने जब कॉलर का नाम पूछा तो वह धौंस जमाने लगा। आईपीएस अफसर बनकर अंजाम गंभीर होने की धमकी देने लगा। फोन काट दिया तो इसके बाद भी कई बार कॉल की। शिक्षिकाओं ने जब इस घटना की जानकारी साझा की तो अन्य ने भी इसी नंबर से कॉल आने की बात बताई। बाद में पता चला कि कुल 22 शिक्षिकाओं को उक्त नंबर से धमकी भरी कॉल आई। जिसके बाद शिक्षिकाओं ने मामले की जानकारी प्रिंसिपल को दी। इस मामले में स्कूल की प्रिंसिपल अल्पना डे ने बताया कि शिक्षिकाओं को धमकी भरे मैसेज व कॉल आने की बात पता चली है। पुलिस से शिकायत की गई है। उधर जब इस मामले में शिवकुटी एसओ मनीष कुमार त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने शिकायत मिलने की बात से इंकार किया। जबकि जगत तारन गोल्डेन जुबिली कॉलेज की प्रिंसिपल सुष्मिता कानूनगो ने भी इसी नंबर से धमकी भरे कॉल आने की बात बताई।

डीआईजी की डीपी, बायो में डीएसपी लिखा शिक्षिकाओं के पास जिस नंबर से कॉल आई, उसके व्हाट्सएप अकाउंट डिस्प्ले पिक्चर के तौर पर डीआईजी अमित पाठक की तस्वीर लगी है। लेकिन इसके नीचे बायो में डीएसपी दीपक लिखा हुआ है। ऐसे में माना जा रहा है कि अफसर की तस्वीर लगाकर कोई व्यक्ति लोगों को धमकाने का काम कर रहा है। मुझे ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। रही बात व्हाट्सएप डीपी पर तस्वीर लगे होने की तो साइबर अपराधी इंटरनेट से लोगों की फोटो लेकर फ्रॉड के लिए इस्तेमाल करते हैं।

— अमित पाठक, डीआईजी

# सुरेश कुमार संखवार राजभाषा विशेष पुरस्कार से सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेल मंत्रालय की व्यक्तिगत नगद पुरस्कार योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रथम सुरेश कुमार संखवार को राजभाषा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में सहायक वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत सुरेश कुमार संखवार को इनके द्वारा शत—प्रतिशत सरकारी कार्य राजभाषा हिंदी में संपादित किए जाने पर रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड नई दिल्ली स्थित राजभाषा निदेशालय द्वारा व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र सहित नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसे आज डॉ मोनिका अग्निहोत्री पूर्वोत्तर



रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा प्रदान किया गया है। इस अवसर पर अम्बर प्रताप सिंह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ भी उपस्थित रहे।

# छेड़खानी से तंग छात्रा ने मनचलों को चप्पल से जमकर पीटा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : तीन मनचलों को एक स्कूली छात्रा से छेड़खानी करना महंगा पड़ गया। मन्सबलों को इस बात का अंदाजा नहीं था की छात्राएं अब विरोध करने के साथ ही जरूरत पड़ने पर पिटाई भी करेंगी। ऐसा ही मामला यहां सामने आया है। छात्रा ने तीन मनचलों को चप्पलों से जमकर पिटाई किया। इधर किसी ने पिटाई का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डाल दिया जो वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपी तीनों मनचलों के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी जो निचलौल में एक कॉलेज की छात्रा है। कॉलेज से अपने घर वापस जा रही थी कि रास्ते में अकेला पाकर तीन मनचले छात्रा के साथ छेड़खानी करने लगे। छात्रा ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने तीनों मंचलों को पकड़ लिया। इसके बाद छात्रा ने तीनों मनचलों की चप्पलों से जमकर पिटाई कर दी। इसी बीच किसी ने पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया विशेष गुरमति समागम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। चार दिवसीय विशेष गुरमत समागम का आखिरी समागम ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी,नाका हिंडोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सायं 6.15 बजे श्री रहिरास साहिब के पाठ से दीवान आरम्भ हुआ जो रात्रि 9.00 बजे तक चला जिसमें रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में शबद कीर्तन गायन एवं समूह संगत को निहाल किया।शिरोमणि सम्प्रदायी टकसाल शहीद भाई मनी सिंह जी अमृतसर पंजाब के 11वें मुखी बाबा मक्खन सिंह जी ने प्रभु के नाम की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु वाणी का फरमान है कि सरब धर्म में श्रेष्ठ धर्म हर को नाम जप निर्मल कर्म गुरु महाराज फरमान करते हैं कि सबसे श्रेष्ठ धर्म प्रभु के नाम का सिमरन करना है उसकी याद करना है और उसकी याद को हृदय में बसाना है और जिस हृदय में परमात्मा रहेगा परमात्मा की याद रहेगी उस हृदय में दया और करुणा रहेगी और जिस हृदय में दया और करुणा रहेगी वह संसार के लोगों की भलाई का काम करेगा वह मनुष्य सदैव जनकल्याण के कार्यों में लगेगा लोगों की भलाई और सुख के कामों में लगेगा !! गुरु महाराज हम सब को उपदेश देते हैं हम सब प्रभु के सिमरन से जुड़े प्रभु की याद से जुड़े। दीवान समाप्ति के उपरान्त लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवं ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु



नानक देव जी,नाका हिंडोला के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने समूह संगत की ओर से बाबा मक्खन सिंह जी के लखनऊ आगमन पर हार्दिक आभार प्रकट किया और उन्हें गुरु घर का सम्मान सिरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच का संचालन सतपाल सिंह मीत जी ने किया उसके उपरांत छोले चावल का लंगर समूह संगत में वितरित किया गया।

सिखों के आठवें गुरु श्री गुरु हरिकिशन साहिब जी महाराज का प्रकाश पर्व दिनांक 22.07.2022 को सायं 6.15 बजे से 9.30 बजे गुरुद्वारा साहिब में मनाया जायेगा समाप्ति के उपरांत गुरु का लंगर वितरित किया जायेगा।

# व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए आदर्श व्यापार मंडल सदैव तत्पर —संजय गुप्ता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के आशियाना क्षेत्र की प्रमुख एवं बड़ी बाजार खजाना मार्केट के 300 से अधिक सदस्यों वाले पंजीकृत व्यापारी संगठन खजाना व्यापार मंडल ने खजाना मार्केट आशियाना में आयोजित एक भव्य संबद्धता ग्रहण समारोह में प्रदेश के बड़े व्यापारी संगठन उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की संबद्धता ग्रहण की उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने खजाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंह गौर एवं महासचिव आरकेएस राठौर को संबद्धता प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा खजाना मार्केट के व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव सहयोग करने का वायदा किया। संबद्धता ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा वर्तमान समय व्यापारियों एवं विशेष रूप से रिटेल सेक्टर के व्यापारियों के लिए चुनौती भरा है व्यापारियों के सामने अपने व्यापार को बचाना मुश्किल हो रहा है एक तरफ व्यापारी जीएसटी के मकड़जाल में उलझता जा रहा है एवं उसे जीएसटी की लिखा पढ़ी के कारण अपने व्यापार करने का पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा दूसरी तरफ विदेशी ई—कॉमर्स कंपनियों के कारण व्यापारियों का व्यापार चौपट हो रहा है तीसरी ओर अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं उन्होंने कहा एक बार फिर व्यापारी संगठनों के सड़कों पर उतरने एवं अपनी एकजुटता और तेवर दिखाने का समय आ गया है उन्होंने कहा खाद्यान्न पर 5ः जीएसटी कतई उचित नहीं है सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा 26 जुलाई को देश भर के व्यापारी नेता मध्य प्रदेश के भोपाल शहर में एकत्र होंगे तथा व्यापारी आंदोलन की देशव्यापी रणनीति बनाएंगे उन्होंने सभी पदाधिकारियों



से व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का आवाहन किया। संबद्धता ग्रहण समारोह में खजाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंह गौर, उपाध्यक्ष पी के बाजपेई, उपाध्यक्ष एमपी भास्कर, महासचिव आरकेएस राठौर, संयुक्त सचिव संतोष वर्मा ,एच एस चड्ढा, सचिव मनीष खन्ना, संगठन सचिव अंकुर कपूर, सतीश गौतम, सचिव विरेंद्र प्रताप सिंह, भूतल सचिव पुनीत सिंह राठौर, सुनील वर्मा, ललित तिवारी, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष मो. अफजल, प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश महामंत्री आनंद मिश्रा ,नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ साकेत चतुर्वेदी ,ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम सहित खजाना मार्केट के बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे ।

# ग्राम पंचायत सदस्य पद के दो अलग अलग ग्राम पंचायतो से दो प्रत्याशियों ने किया नामांकन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के सरेमू व किरतापुर ग्राम पंचायत मे ग्राम पंचायत सदस्य चुनाव पद के लिए एक — एक प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल किया। ए डी ओ पंचायत लाल जी राम ने बताया कि सरेमू व किरतापुर ग्राम पंचायत मे ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए एक — एक रिक्त पद है। जिस पर उपचुनाव होना है।

# सिर्फ ट्विटर पर वोट मांगने से वोट नहीं मिलता धरातल पर आना होगा –ओपी राजभर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लखनऊ से चलकर गाजीपुर जाते समय सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने बुधवार को जौनपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजभर ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा और कहा अखिलेश यादव ने ट्वीट कर लिखा था कि मंत्री होने का सम्मान तो है पर दलित होने का अपमान मिलता है। इस मामले पर ओपी राजभर ने उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान हुई चीजों को देखने की नसीहत दी है उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि आजमगढ़ में हुई उपचुनाव हार सपा कि खुद की है। जब मैं वोट मांगने गया तो लोगों ने कहा कि हम किस तरह उन्हें वोट दें जो उनकी सरकार थी यहां गुंडे माफिया वसूली भी करते थे हम लोगों ने वोट नहीं देंगे ।उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव को लेकर कहा कि अखिलेश यादव द्वारा कभी किसी मीटिंग में किसी प्रेस वार्ता में कभी चाय पर बुला कर किसे वोट करना है चर्चा नही किया ।यशवंत सिन्हा ने भी कभी वोट नहीं मांगा इस बारे में कोई चर्चा नहीं हुई। खुद राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने मुझसे वोट मांगा और मैंने उनको वोट किया है। ।ƒ में बैठकर राजनीति नही हो सकती है जो साडे चार साल एसी में रहा हो और चुनाव के समय 6 महीने के लिए ऐसी से बाहर निकला हो उसे जनता का दुख दर्द क्या मालूम होगा। जिन लोगों ने पूरे 1 साल पढ़ाई कर परीक्षा दी वह मैडल लिये गए और जो



साल्व पेपर पढ़कर परीक्षा दी है वह पास हुए हैं जो इस परीक्षा में फेल हुए हैं वह बी टीम में हैं उस बी टीम का मैं खुद भी हिस्सा हूं। दूसरों के मामले में अखिलेश यादव न देखें खुद अपने अंदर झांक कर देखें ।अखिलेश से गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि पूरा देश पूरा प्रदेश गठबंधन की सरकार पर चल रहा है तो हमारी क्या बात है। वर्ष 2024 के चुनाव में हम किसके साथ रहेंगे यह आने वाला समय बताएगा ।जब अखिलेश यादव हम को तलाक दे देंगे तब हम कहीं और जाने की सोचेंगे। मैं खुद से तलाक नहीं लूंगा ।घरेलू सामानों पर जीएसटी लागू होने के मामले पर उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी 60: लोग ऐसे हैं जिनके दरवाजे पर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं पहुंची ऐसे लोग हैं जिनके शिक्षा और रोजगार तक उपलब्ध नहीं हो पाया है। वह 70 साल से वोट दे रहे थे। लेकिन उनको कोई भी लाभ नजर नहीं आया अब उनको 5 किलो राशन ही अच्छा नजर आ रहा है ।सिर्फ ट्विटर पर वोट मांगने से वोट नहीं मिलता धरातल पर आना होगा उन्होंने कहा अखिलेश ने ट्वीट कर लिखा था कि मंत्री होने का सम्मान तो मिलता है पर दलित होने का अपमान भी मिलता है इस मामले पर ओपी राजभर ने उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान हुई तमाम घटनाओं को देखने की नसीहत देते हुए कहा कि आजमगढ़ और रामपुर उपचुनाव में सपा की हार का प्रमुख कारण भी यही रहा है।

### अधिवक्ता व लेखपाल का विवाद सुलझा : अधिवक्ताओं व अधिकारियों के बीच हुई वार्ता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय तहसील में अधिवक्ताओ व लेखपाल के बीच चल रहे विवाद का पटाक्षेप हो गया ।अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल की अधिकारियों से वार्ता हुई जिसमे समाधान निकाल लिया गया है। तहसील की वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती शीला विश्वकर्मा के साथ लेखपाल ऋतम्भरा द्वारा की गई अभद्रता के बाद वकील न्यायिक कार्य से विरत थे ।अधिवक्ता संघ के प्रस्ताव पर बुधवार को अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मण्डल की तहसील के सभागार में उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह,तहसीलदार सुदर्शन कुमार की उपस्थिति में वार्ता हुई ।भुक्तभोगी अधिवक्ता ने संतुष्ट होकर मामले को खत्म करने की पहल की,इसके बाद विवाद का पटाक्षेप हुआ ।अधिवक्ताओं ने साधारण सभा की बैठक में लिए गए निर्णय से गुरुवार को वकीलो को अवगत कराने का निर्णय लिया है ।प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष भरत लाल यादव,पूर्व महामंत्री अवनींद्र दुबे,वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा,केदार नाथ यादव,प्रेम चंद्र विश्वकर्मा, जगदम्बा प्रसाद मिश्र यज्ञ नारायण सिंह,राम आसरे द्विवेदी,कुंवर भारत सिंह अजय सिंह, बाबू राम,विनय पांन्डेय, संजीव चौधरी,वीरेंद्र मौर्य,विकास यादव आदि उपस्थित थे।

### जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्राथमिक विद्यालय का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू0वि0 : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्राथमिक विद्यालय पांडेपुर एवं इंग्लिश मीडियम विद्यालय हसनपुर सिकरारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि विद्यालय में कुल 71 बच्चे पंजीकृत है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बच्चों की संख्या और बढ़ाये जाने के लिए प्रधानाध्यापक संतोष सिंह को निर्देश दिया। विद्यालय में साफ–सफाई एवं परिसर में सामान बिखरे हुए पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में अभियान चलाकर साफ–सफाई के कार्य कराए जाएं। स्कूल परिसर में किनारे–किनारे इंटरलॉकिंग लगाने और बीच में छोटा सा खेल का मैदान बनाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि गाँव वालों से समन्वय कर स्कूल के संपर्क मार्ग को बनवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी अध्यापकों को निर्देशित किया कि सभी विषयों की 01–01 किताबे विद्यालयों में अवश्य रहे। उन्होंने सभी अध्यापकों को निर्देशित किया कि पढ़ाई में कमजोर बच्चों को आधा घंटा अलग से दिया जाए। इंग्लिश मीडियम विद्यालय हसनपुर के निरीक्षण के दौरान अध्यापकों को निर्देशित किया कि बच्चों से एक्टिविटी बेस्ड पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दिया जाए, जिससे बच्चों को सीखने में आसानी हो और विषय उन्हें रोचक लगे। विद्यालय में रखे फायर यंत्र को अपडेट करने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। किचेन की फर्श को ऊपर किये जाने का निर्देश खंड विकास अधि



ाकारी सिकरारा को दिया। उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि गांव में जगह चिन्हित कर एक बड़ा खेल मैदान बनाया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा सहायक अध्यापिका रन्नो दुबे ने एक्टिविटी के द्वारा बच्चों को कैसे पढ़ाया जाता है, विस्तार से जानकारी दी जिसे देखकर जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के अध्यापकों की प्रशंसा भी की और कहा कि इसी तरह अन्य विद्यालयों में भी बच्चों को सिखाने का प्रयास किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अध्यापकों से कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। जिन्हें अभी से तैयार करने का पूरा प्रयास किया जाए, उन्हें छोटी–छोटी बातें जैसे हाथ धोना, नाखून काटना, माता–पिता एवं बड़ो को नमस्ते करना सिखाया जाए। निरीक्षण के दौरान गांव की सविता गौतम के द्वारा बताया की बीए की पढ़ाई करने के उपरांत घर पर ही सिलाई कढ़ाई करती हूँ, जिस पर उन्हें समूहों से जोड़ने एवं कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिये गए। इस अवसर पर सहायक अध्यापक राज कुँवर सिंह, मधुलिका यादव, कुसुम पांडये, प्रधानाध्यापक रवि प्रकाश मिश्रा, संगीता सिंह, सविता यादव, शिक्षामित्र चंदन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन

जौनपुर सूवि. : प्रतिभाग करने हेतु कलाकारों को 24 जुलाई 2022 तक अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर जिला सूचना कार्यालय, जौनपुर में करना होगा जमा। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय ने बताया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक विधाओं यथा– लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोक नाट्य, भजन, ललित कला, आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन जिला स्तर पर 26, 27 व 28 जुलाई, 2022 पूर्वान्ह 11:00 बजे से सामुदायिक भवन में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि निर्णायक मंडल द्वारा कलाकारों की प्रस्तुति के आधार पर ए/बी/सी श्रेणी में पंजीकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समस्त कलाकारों को अपने वाद्ययंत्र एवं संगतकर्ताओं के साथ आयोजन में भाग लेना होगा। आयोजन संबंधी सभी जानकारियां संस्कृति विभाग की वेबसाइट upculture.up.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है, इसके साथ ही जिला सूचना कार्यालय, कलेक्ट्रेट जौनपुर से आवेदन का प्रारूप व आयोजन संबंधी जानकारियां प्राप्त की जा सकती है। इस आयोजन हेतु कलाकारों को अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर जिला सूचना कार्यालय, जौनपुर में दिनांक 24 जुलाई, 2022 तक जमा करना होगा।

### उ0प्र0 राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा जौनपुर द्वारा 25 जुलाई 2022 को दिया जायेगा एक दिवसीय धरना

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जौनपुर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 के आवाहन पर जनपद शाखा जौनपुर के समस्त धरक संगठन 20.07.2022 से 24.07.2022 तक काला फीता बांधकर कार्य करेंगे तथा 25.07.2022 को जनपद के समस्त कर्मचारियों द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। दिनांक 26.07.2022 से 30.07.2022 तक दो घण्टे का कार्य बहिष्कार करेंगे तथा जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करेंगे। इसकी जानकारी जनपद अध्यक्ष उपेंद्र सिंह द्वारा दे. देश की उपासना समाचार पत्र को दी गई

# प्रतिभा निखारने में अहम है मानक के अनुरूप खेल का मैदान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शेखपुर सुतौली गाँव में लगभग आठ एकड़ भूभाग में नव निर्मित खेल के मैदान का शुभारंभ बुधवार को मुख्य अतिथि बिधायक रमेश सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने ग्राउंड में खिलाड़ियों के साथ बालिंग और बैटिंग कर खेल के प्रति खुद के लगाव को दर्शाया ।आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में खेल के मैदान की अहम भूमिका होती है। अन्य खेलो की अपेक्षा क्रिकेट में बड़े मैदान की आवश्यकता होती है। जब खिलाड़ी छोटे ग्राउंड पर प्रैक्टिस किए रहता है तो मानक के अनुरूप मैदान में खेलने में उसे तमाम दिक्कते होती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसी प्रतिभाएं मौजूद है जो किसी खेल को प्रदेश नहीं राष्ट्रीय स्तर खेल सकते है। लेकिन हम उनकी पहचान नहीं कर पा रहे है। जिसका मुख्य कारण है कि वे लोकल प्रतियोगिताओं तक ही सीमित है। उन्हें ऐसा कोई चौराहा नहीं मिल पा रहा है, जहाँ से वे किसी भी दिशा में जा सके। वर्तमान सरकार द्वारा खेल जगत मे गांव स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए गावों में हाकी, क्रिकेट, बालीवाल, कबड्डी, फुटबाल आदि खेलो के लिए खाली पड़ी सरकारी जमीन में मैदान बनाए जा रहे है। यहाँ आस पास के कई गांवों के खिलाड़ी एक साथ प्रैक्टिस करेगे। जिससे खेल के साथ साथ आपसी सहयोग और सौहार्द बढ़ेगा। लोगों में एकता, अखंडता और देश प्रेम की भावना प्रबलता के साथ जागृत होगी। मैदान में पहला मुकाबला मेजबान और नौली के बीच खेला गया। जिसमें मेजबान टीम बिजयी रही। समारोह की अध्यक्षता बीडीओ वीरभानु सिंह व संचालन छोटेलाल यादव ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव, राजेंद्र सिंह सोनल, संजीव गुप्ता, अखिलेश वर्मा, उमेंद्र यादव, जेई विमलेश कुमार, दुर्गेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# किसान परिवार के सदस्य मिले दुर्घटना बीमा का लाभ–ओमप्रकाश राजभर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : किसान परिवार के सभी सदस्य की दुर्घटना में मौत होने पर उसकों दुर्घटना बीमा का लाभ दिया जाना चाहिए जिससे परिवार की आर्थिक क्षतिपूर्ति हो सके ।उक्त बातें क्षेत्र के बरइछ गांव में दुर्घटना में मृत दंपती के शोकसंतप्त परिवार को संवेदना व्यक्त करने के पश्चात सुभासपा के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहीं। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर क्या सपा का साथ छोड़ने जा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि मैंने कह दिया कि एसी रूम से बाहर निकलों तो अखिलेश यादव को बहुत खराब लग गया ।मैंने सरकार से सदैव कहा है कि मुफ्त में कुछ बाटना है तो शिक्षा व चिकित्सा बाटों ताकि उसका लाभ सीधे गरीब को मिले ।आज के जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री को जमीनी हकीकत नहीं बताते हैं ।वो जानते हैं कि ऐसा करेंगे तो उनका टिकट कट जाएगा ।बातों बातों में 2024 के चुनाव में नया गुल खिलाने का संकेत भी दे दिया ।उन्होंने दिवंगत अजय राजभर के पिता रामकिशुन राजभर को आर्थिक सहायता प्रदान की ।इस अवसर पर जखनियां विधायक बेदी राम,महासचिव डॉ. जेबी सिंह, बृजभान राजभर,चंदन राजभर,बजरंगी राजभर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## झमाझम बारिस से किसानो के चेहरे खिले काफी मन्नतो के बाद मेहरबान हुए इद्रदेवता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक माह से बारिस न होने के कारण किसान परेशान रहे धान की नर्सरी सूख रही थी गॉव गॉव मे पानी की बारिस के लिए रात्रि मे विधवा महिलाए जहॉ हल चलाकर विनती करती रही वही छोटे छोटे बच्चे तेज धूप मे गॉव घर के दरवाजे के बाहर जमीन पर पानी फेककर उसी कीचड़ मे लोटते पोटते मेघ से पानी की बरसाने की आराधना करते रहे ! आखिरकार मौसम के भगवान इन्द्र देवता को मेहरवान होना ही पडाध यह बारिस धान की फसल के लिये संजीवनी बूटी के समान है बारिस न होने के कारण खेतो मे दरारे फटी थी इस बारिस से लोगो को ऊमस भरी गर्मी से राहत भी महसूस हुई !बुधवार शाम साढे चार बजे से बारिस शुरू हुई झमाझम बारिस को देख किसान बहुत ही खुश हुए किसान चरियाही के रामयश यादव अमारी के रोहित सिह चरयें गॉव के विजयनरायण दुबे कहते है कि आज की बारिश से धान की रोपाई मे आसानी होगी

# शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एआरपी एसोसिएशन द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर के ऑडिटोरियम हॉल में डीसी प्रशिक्षण सुरेश पांडेय का सम्मान समारोह आयोजित किया गया! कार्यक्रम की अध्यक्षता उप शिक्षा निदेशकध डायट प्राचार्य श्री सच्चिदानंद यादव ने की! कार्यक्रम के



विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल रहे ! कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन पर चर्चा की गयी एवं डीसी प्रशिक्षण सुरेश पाण्डेय के कार्यकाल की सराहना की गई ! कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ प्रवक्ता डायट, खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र,डीसी शोभा तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर सफी उल्लाह, एआरपी एसोसिएशन उ0प्र0 जनपद जौनपुर के प्रदेश मंत्री संदीप चौधरी, प्रशांत मिश्र, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार राजभर, जिला मंत्री बिकास सिंह, जिला उपाध्यक्ष राहुल राय, अखिलेश यादव, संयुक्त मंत्री प्रवीण सिंह, एसआरजी अखिलेश सिंह, कमलेश यादव,अजय मौर्य आदि रहे! कार्यक्रम का संचालन सुशील उपाध्याय ने किया!

# लायंस क्लब के डिप्टी डिस्ट्रिक गवर्नर सम्मान से नवाजे गये राकेश श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब परिवार के वरिष्ठ सदस्य राकेश श्रीवास्तव अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं जिलाध्यक्षध्प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सम्मान में एक और कड़ी जुड़ गयी।



बीती रात नगर के एक मैरेज हाल में लायंस क्लब जौनपुर क्षितिज के नवचयनित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में श्री श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। उन्हें डिप्टी डिस्ट्रिक गवर्नर का सम्मान दिया गया जिस पर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। इस दौरान समारोह में मंचासीन गवर्नर सौरभ कान्त ने श्री श्रीवास्तव को मण्डल का पिन प्रदान किया।

# जीएसटी वास्तविक रूप में गब्बर सिंह टैक्स है– इंदु सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न उत्पादों पर जीएसटी लगाना देश की चरमराती अर्थव्यस्था को बद से बदतर बनाने की दिशा में ये कदम है। देश की 90: जनता व्यापारी छात्र,अधिवक्ता,किसान, मजदूर,जनप्रतिनिधि या समाज का कोई भी तबका हो सब बुरी तरह प्रभावित होंगे। प्री पैकेजिंग अनब्रांडेड सामानों पर दूध,दही, आटा,चावल,छाछ आदि पर 5: जीएसटी लगाए जाने से जहां निम्न और मध्यमवर्गीय जनता की थाली को खाली कर दिया है वहीं छोटे व कुटीर उद्योगों को समाप्त करने की दिशा में ये कदम है ।प्रदेश के करोड़ों व्यापारियों के साथ जनपद के लाखों व्यापारी इसका कड़ा विरोध करेंगे ।उक्त बातें व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदू ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही है ।श्री इंदु सिंह ने आगे कहा कि पेंसिल,शर्पनार पेपर और शिक्षा से संबंधित उत्पादों पर टैक्स लगाने से एक बड़ा तबका शिक्षा से दूर हो सकता है, बच्चों और अभिभावकों में मंहगाई से शिक्षा के प्रति रुचि घट जाएगी ।एक हजार रूपए वाले होटल के कमरों पर 12 परसेंट टैक्स लगाकर आम जनता के जनजीवन को प्रभावित करेंगे गरीब मध्यमवर्गीय एवं हर वर्ग के लोग केंद्र



सरकार के इस फैसले से बुरी तरह प्रभावित ऐसे में व्यापार मंडल केंद्र सरकार के इस फैसले की कड़ी निंदा करता है और प्रदेश के करोड़ों व्यापारी साथ ही साथ जनपद के भी लाखों व्यापारी केंद्र सरकार के इस फैसले का कड़ा विरोध करेंगे। श्री इंदू सिंह ने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने विभिन्न सामानों पर जीएसटी लगाकर पूंजीवाद का परिचय दिया है यह सरकार चंद उद्योगपतियों की सरकार है आम जनता से इस सरकार का कोई लेना–देना नहीं है ।जनपद के लाखों व्यापारियों की तरफ से व्यापार मंडल केंद्र सरकार से मांग करता है कि बड़े हुए टैक्सों को अविलंब वापस लिया जाए।

## आर्थिक दिक्कत के चलते होनहार छात्रा के सपने नही हुए पूरे परिवार की आर्थिक असमर्थता के चलते नही भर पाई बी ए की फीस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेतासराय क्षेत्र के लतीफपुर गांव में मगंलवार को बी ए की छात्रा ने फीस न भर पाने के कारण खुद पेट्रोल छिड़क कर आत्महत्या का प्रयास किया। उमा का गम्भीर अवस्था में जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है । परिवार दवा इलाज के पैसे के लिए भी संघर्ष कर रहा है । परिवार कोई कमाऊ सदस्य नही है ।बुधवार को उमा के घर पर सन्नाटा है । मां शारदा देवी तथा चाचा बच्चू लाल उमा को लेकर जिला अस्पताल में है । पिता जियालाल का देहांत बहुत पहले हो चूका है । उनके तीन पुत्रियां थीं उमा 19 सीमा 27 रीमा 25 । सीमा और रीमा का विवाह हो चूका है । उमा 19 ने आजम गढ़ जनपद के फूलेश कालेज से बी ए प्रथम वर्ष पास किया था अब वो बी ए दितीय वर्ष की फीस जमा कर एडमिशन लेना चाहती थीं। परिवार के पास फीस जमा करने के पैसे नहीं थे । अपने जीवन से निराश उमा ने खुद को आग लगा ली थी । फिलहाल जिला असपताल उसका इलाज चल रहा है । घर पर मौजूद छात्रा उमा की दादी कलावती ने बताया की परिवार के पास मात्र 10 बिस्सा खेत है वोह भी रेहन रखा हुआ है । किसी तरह से पंचों के माध्यम से दवा इलाज किया जा रहा है ।ग्राम प्रधान सीता पत्ती देवी ने बताया की परिवार अत्यंत गरीब है । छात्रा के परिवार को इंदिरा आवास , विधवा पेंशन तथा लाल कार्ड की सुविधा दी गईं है । छात्रा की भी सहायता की जाएगी।

# जिलाधिकारी को पत्र देकर बरामदे के ऊपर खींचे गए एलटी लाइन को हटाने की लगाई गुहार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुरेरी थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव निवासी शैलेंद्र कुमार पांडे ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर विद्युत विभाग पर लगाए गंभीर आरोप जानकारी के अनुसार सुरेरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पृथ्वीपुर निवासी शैलेंद्र कुमार पांडे ने जिलाधिकारी जौनपुर को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाए की विद्युत कर्मियों की मनमानी के चलते मेरे बरामदे के ऊपर से 440 वोल्ट का विद्युत प्रवाहित नंगा तार खींचा गया पीड़ित की माने तो उक्त तार को हटाने के लिए कई बार विद्युत विभाग के जेई व अन्य उच्चाधिकारी से शिकायत कीया लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है शिकायतकर्ता की माने तो 440 वोल्ट का तार बरामदे के छत के ऊपर खिचा गया है जिससे किसी दिन उसकी जद में आकर बच्चे या परिवार के सदस्य की जान जा सकती है द्य शिकायत के बावजूद विद्युतकर्मियों द्वारा विद्युत तार को नहीं हटाया गया जिससे अजीज होकर मंगलवार को पिड़ित ने जिलाधिकारी जौनपुर को प्रार्थना पत्र देकर बरामदे के ऊपर ले जाए गए 440 बोर्ड के विद्युत प्रवाहित नंगे तार को हटाने की गुहार लगाई इस संदर्भ में विद्युत विभाग के जेई विजय विजय कुमार पटेल ने बताया शिकायत मिली है मामले की जांच की जायेगी।

### अटेवा पेंशन बचाओ मंच जौनपुर के पदाधिकारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र राय के नेतृत्व में वृक्षारोपण कर किया पुरानी पेंशन बहाली की माँग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सत्येंद्र राय ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज हेगड़े ने एक सम्मेलन में कहा था कि एक दिन एन पी एस देश का सबसे बड़ा घोटाला साबित होगा। अटेवा जौनपुर ने कंपोजिट विद्यालय लखउवाँ मे वृक्षारोपण कर अटेवा की सदस्यता अभियान की शुरुआत अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र राय द्वारा किया गया ।जिसकी अध्यक्षता पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु यादव ने किया ।वाराणसी के जिलाकोषाध्यक्ष एवं स्नातक एमएलसी के प्रत्याशी रह चुके चंद्रप्रकाश गुप्त ने अटेवा के किए कीए गए प्रयासों के परिणाम पर प्रकाश डाला। प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र राय ने बताया कि हम सभी शिक्षकों ध कर्मचारियों की नैतिक जिम्मेदारी है अटेवा का सदस्य बनना जिससे हम और मजबूती से अपनी बात सरकार तक पहुँचा सके!जिला कोषाध्यक्ष टी एन यादव पूर्व नौसैनिक ने कहाँ आज आप जितना संघर्ष में पसीना बहा रहे हैं,बुढ़ापे में यही पुरानी पेंशन आपको शांति और सुकून का एहसास कराएगी। साथ ही बताया कि जो संगठन आह से निकल कर आपको अहा की अनुभूति करा रहा है यानी की लोगो की उम्मीद अटेवा से बढ़ रही है!जिला मीडिया प्रभारी इंदु प्रकाश यादव ने कहा कि एक समय था जब पुरानी पेंशन को भूल जाने के लिए कहा जाता था लेकिन आज का समय है मुद्दा मुखर होकर जन जन तक , हर राजनैतिक पार्टी तक पहुंच गया है और अटेवा के संघर्ष की बदौलत यह तीन राज्यों में पेंशन भी बहाल करा चुका है! इसका श्रेय मात्र और मात्र बन्धु जी और पूरी अटेवा टीम को जाता है! नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष डॉ कृपनिधि यादव ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि बन्धु जी ने दिनरात एक करके आपकी पेंशन के लिए अलख जगाई है वो दिनरात आपके लिए लड़ रहे हैंसजिला संयोजक चंदन सिंह ने



बताया कि अब आपकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि अटेवा के सदस्य बनकर अपनी लड़ाई को मजबूत करें और बन्धु जी के हौसलों को प्रबल करें। मौके पर अटेवा के सभी ब्लॉक एवं जिला के पदाधिकारी,सिकरारा ब्लॉक उत्तरप्रदेशिय प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी,संजय रज्जक उपाध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ,शिवशंकर यादव,संतोष कन्नौजिया, अटेवा धर्मापुर के अध्यक्ष मनीष यादव , अटेवा बरसठी के अध्यक्ष रत्तीलाल निषाद ,सुबाष सरोज , नरेंद्र यादव,विनोद कुमार,सूर्यबली पाल,रुद्रसेन यादव,तेरसूराम,रमेश मौर्या,राधा रानी ब्लॉक अध्यक्ष,मुकेश यादव,विजय कन्नौजिया,धीरेन्द्र यादव,विनोद पाल, राजकुमार,रामचंद्र यादव, सुनील यादव,अनिल सरोज दिनेश यादव,रमेश मौर्या,अनिल यादव,छोटेलाल आदि सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# पशु तस्करों से भिड़े ग्रामीण : घंटे भर चला संघर्ष : बोलेरो छोड़ भागे तस्कर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पशु तस्कर पिकअप व बोलेरो से आए थे। ग्रामीणों के विरोध करने पर अंधेरे का फायदा उठाकर तीन बछड़ों को लेकर फरार हो गए। पथराव में पिकअप का शीशा भी टूटा। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है ।यह है मामलारू रसूलपुर के ग्रामीण रात में गांव के काली मंदिर पर बारिश के लिए कीर्तन कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों को सूचना मिली कि गांव स्थित सोनबरसा निवासी रमेश सिंह व नंदलाल सिंह के भठ्ठे पर पशु तस्कर मौजूद हैं। वह गोवंशियों को लाद कर कहीं ले जाने वाले हैं। सभी ग्रामीण भट्ठे पर पहुंच गए। इस दौरान तस्कर तीन बछड़ों को पिकअप में लाद चुके थे। बोलेरो में भी जानवर लादने की तैयारी कर रहे थे। ग्रामीणों को देखते ही तस्करों ने पथराव शुरू कर दिया। ग्रामीणों पर वाहन चढ़ाने की कोशिश की।

# निजी अस्पताल में हुई महिला की मौत के बाद मृतका के परिजनों ने खड़ा किया हंगामा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जिले के रुदौली क्षेत्र के खैरनपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती प्रसूता की मौत के बाद मृतका के परिवारीजनों ने जमकर बवाल काटा। सूत्र के मुताबिक इस दौरान मृतका के परिजनों ने वहां के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में तोड़फोड़ भी की।इस दौरान अस्पताल के सहमे कर्मचारी और चिकित्सक अपनी जान बचाते हुए आपरेशन थिएटर में घुस गए और अंदर से ही दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद केस दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी थी।सूत्र के मुताबिक यह मामला सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के बगल स्थित स्वाति मेडिकल सेंटर का है, जहाँ 10 दिन से भर्ती महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली रुदौली के ग्राम भिटौरा निवासी निर्मल कुमार पुत्र राजबहादुर 11 जुलाई को पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर गांव की आशा बहू निशा के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर सर्जन प्रियंका यादव के पास गए। जहां आरोप के मुताबिक डॉ प्रियंका ने बताया कि मुस्कान का सामान्य प्रसव नहीं हो सकता क्योंकि उसके जुड़वा बच्चे है।डॉ प्रियंका ने सीएचसी के बगल प्राइवेट स्वाति मेडिकल सेंटर में इलाज कराने की सलाह दी। आशा बहू निशा के साथ



निर्मल ने स्वाति मेडिकल सेंटर में अपनी पत्नी को भर्ती कराया। 11 जुलाई को 50 हजार रुपये जमा करने के बाद ऑपरेशन से 2 पुत्र पैदा हुए।ऑपरेशन के बाद मुस्कान की हालत में सुधार न होने पर निर्मल ने उसे बाहर ले जाने की बात अस्पताल संचालक संजय कुमार से कही, लेकिन संजय यादव ने सब ठीक हो जाने का आश्वासन दिया।अस्पताल संचालक लगातार पैसे वसूलते रहे। बुधवार शाम 5 बजे मुस्कान की मौत हो गयी।अस्पताल में मुस्कान की मौत के समय एक महिला का प्रसव ऑपरेशन से कराया जा रहा था। सर्जन समेत अंदर मौजूद कर्मी मुस्कान की मौत का समाचार सुनते ही भाग निकले।महिला की मौत और हंगामे की सूचना मिलने पर कोतवाली रुदौली के एसएसआई लल्लन सिंह राठौर व अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए।चौकी प्रभारी भेलसर संतोष उपाध्याय ने अस्पताल संचालक संजय यादव को कमरे से निकलवा कर पुलिस हिरासत में लिया। वही इस मामले में पति निर्मल कुमार की ओर से तहरीर दी गयी है।

## पुलिस तलाशती रही कस्टडी से भागे अभियुक्त ने कर दिया सीजेएम कोर्ट में सरेंडर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) दस दिन फरारी काटने के बाद रौनाही थाने के लॉकप से फरार एटीएम चोरी के मुजरिम ने बुधवार को सीजीएम कोर्ट के सामने सरेंडर कर पुलिस की नाकामी को सिद्ध कर दिया। बता दे कि रौनाही थाना क्षेत्र में लोंगो के एटीएम से हेराफेरी कर रुपए चोरी करने का आरोपी मो. नदीम पुत्र करीम निवासी इनायतनगर बीते 9 जुलाई की रात पुलिस लॉकप से चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद रौनाही पुलिस अपने तेज तर्रार स्वयम्भू सुपरकॉप्स बने कोतवाल अक्षय कुमार के साथ मिलकर आरोपी की तलाश में एडी चोटी एक कर चुकी थी। लेकिन आरोपी को पकड़ना तो दूर उसका सुराग न लगा पाई। पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुके एटीएम चोर ने सीजेएम कोर्ट में हाजिर होकर अपने आपको सरेंडर किया तो रौनाही पुलिस को एक बार फिर मुहं की खानी पड़ी। हालांकि आरोपी के सरेंडर के रौनाही पुलिस को राहत मिली तो दूसरी ओर आम जनता को अब सुरक्षा का भय सताने लगा है। बता दे की आरोपी के खिलाफ सुचित्तागंज बाजार में लगी एटीएम केंद्र पर एटीएम बदलकर पैसा निकालने के जुर्म की तहरीर एटीएम इंजीनियर सूरज कुमार ने दी थी। आरोपित को पुलिस ने हिरासत मे लेकर मामले की तश्दीक कर ही रही थी की कस्टडी में आया नदीम रात में पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। रौनाही थाना प्रभारी अक्षय कुमार सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्त मो. नदीम न्यायालय सरेंडर कर दिया है। उसे पूंछतांछ के लिए रिमांड पर लेने की कार्यवाही की जा रही है।

## बंद कमरे में मिला अवैध विस्फोटक : 26 गैस सिलेंडर बरामद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रौनाही थाना से चंद कदम की दूरी पर सोहावल चौराहे पर अजय साहू पुत्र राजकुमार के घर में अति गंभीर संदिग्धता को लेकर मुखबिर की सूचना मिलने पर मामले को गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने स्वयं दल बल के साथ देर शाम लगभग साढ़े नौ बजे छापामारी किया। घर तलाशी के दौरान एक बरामदे में 35 बोरी आतिशबाजी तथा तीन बोरी अवैध विस्फोटक पदार्थ तथा 26 गैस सिलेंडरों में 18 भरे तथा 8 गैस सिलेंडर बरामद किया।मौके पर मौजूद अजय साहू को गिरफ्तार थाना लाई।पुलिस की पूछताछ में अजय साहू ने बताया कि वह विस्फोटक पदार्थ का अवैध कारोबारी करता था। अजय साहू द्वारा जुर्म कबूल करने पर अपराध संख्या 255/22 धारा 9 ख विस्फोट अधिनियम के तहत उक्त एक आरोपित को जेल भेजा। विगत लगभग 5 वर्ष पहले इसी चौराहे पर बरामदगी स्थल के निकट ही एक घर से हुए विस्फोट में पुंदन नाम का युवक मौत के घाट उतारा था। ऊपर की दुकान में सिलाई का काम किया जाता थास लेकिन नीचे के कमरे में विस्फोटक गोला बारूद और शादी विवाह के तमाशे में प्रयोग किया जाने वाले गोला तमाशा बनाया जाता थास जिसकी भनक रौनाही पुलिस को नहीं लगी और सामग्री बनाते समय कि विस्फोट हो गया था। विस्फोटक बरामदगी के मामले में थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि सोहावल चौराहा स्थित मकान में अवैध विस्फोटक पदार्थ होने की मुखबिर से सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक मो0 सुहेल एस आई अशोक कुमार अश्वनी प्रताप अमित कुमार सहित महिला पुलिस कर्मी सोनी वर्मा पूनम केवल साथ छापामारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक पदार्थ एव 26 सिलेंडरो को बरामद किया गया। गैस आपूर्ति अधिकारी को अवलोकन करने के लिये बुलाया गया है।

## डिजाइन–ड्राइंग का समिति–निर्णायक मण्डल द्वारा सम्पन्न हुआ परीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने विकास प्राधिकरण अयोध्या के सभागार में ग्लोबल डिजाइन कम्पटीशन परीक्षण समिति के सम्बंध में बैठक की। बैठक में अयोध्या नगर के सर्वांगीण विकास एवं नागरिकों की प्रत्यक्ष जनभागीदारी बढ़ाने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण अयोध्या द्वारा नयाघाट स्थित चौराहा को स्व0 लता मंगेशकर चौराहा के रूप में विकसित किये जाने के दृष्टिगत आयोजित किये गये वैश्विक डिजाइन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों द्वारा प्राप्त/प्रस्तुत डिजाइन–ड्राइंगका समिति– निर्णायक मण्डल द्वारा परीक्षण किया गया। इस दौरान समिति द्वारा प्रतियोगिता में प्राप्त ड्राइंग्स में से टॉप– 10 ड्राइंग्सधडिजाइनों का चयन कर उच्च स्तर पर भेजे जाने हेतु चयनित किया गया जिसे उच्च स्तर प्रजेन्ट किया जायेगा। बैठक में समिति के सदस्य गण यथा–उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण श्री विशाल सिंह, एसपी सिटी विजयपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात, नगर नियोजक अयोध्या विकास प्राधिकरण,जय कातिकर आर्किटेक दिल्ली, प्रो0 सेवाराम दिल्ली सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नाबालिक बालिका से दुष्कर्म में शामिल अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के दिशा–निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के मद्देनजर अतुल कुमार सोनकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्येन्द्र भूषण तिवारी क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर के पर्यवेक्षण में तथा अमरजीत सिंह निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में थाना इनायतनगर पुलिस टीम द्वारा 20 जुलाई 2022 को थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 468/2020 अन्तर्गत धारा 363/366/376D आईपीसी व 3/4 पाक्सो एक्ट में शामिल अभियुक्त भवानी फेर पुत्र सोमई निवासी ग्राम अछोरा थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या दिनाँक 20 जुलाई 2022 समय 11.30 बजे ग्राम अछोरा तिराहा थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया ।

## हम बाइज्जत शहरी नहीं मुर्गी–भैंस और बकरियों के डकैत हैं : पत्नी–बेटे के साथ लूटी शराब की दुकान– आजम

प्रयागराज ब्यूरो : सपा नेता आजम खां मंगलवार रात प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने अपने वकील कमरुल हसन से मुलाकात की। रात करीब 12 बजे वह वापस भी हो गए। इस दौरान उन्होंने ओमप्रकाश राजभर के बयान पर तंज कसा। राजभर द्वारा अखिलेश यादव को एसी में बैठकर ट्वीट करने के सवाल पर सपा नेता ने कहा कि मैंने राजभर को कभी भी धूप में भाषण देते नहीं देखा, इसलिए कुछ कह नहीं सकता। उन्होंने कहा कि मुझे बकरी चोर कहा जा रहा है। हम बाइज्जत शहरी नहीं हैं और आपका यह शहर बाइज्जत शहर है। हम मुर्गी के डकैत हैं, भैंस के डकैत हैं, बकरी के डकैत हैं, किताब के डकैत हैं, फर्नीचर के डकैत हैं और हम 10 बार के विधायक हैं। दो बार के एमपी, चार बार के मिनिस्टर और एक बार नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। मेरी असिस्टेंट प्रोफेसर पत्नी, दो बार का एमएलए और गलगोटिया यूनिवर्सिटी से एमटेक किया बेटा और हम तीनों ने मिलकर



शराब की दुकान लूटी है। हमने 16900 का डाका मारा है। इसलिए हम इंसाफ के लिए यहां आए हैं। सपा नेता आजम खां ने कहा कि यह शहर इंसाफ का जिला है। यहां से इंसाफ बंटता है। हम डकैत उससे अभी महरुम हैं। आजम खान मंगलवार की देर रात प्रयागराज पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने अपने कई करीबी नेताओं के घर जाकर मुलाकात की। उनका कुशल क्षेम पूछा। उनके बीच कुछ घंटे समय बिताया।

# एक मुश्त शास्ति योजना को गति देने के उप परिवहन आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) एकमुश्त शास्ति योजना को गति देने के लिए बुधवार को लखनऊ परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त निर्मल प्रसाद आरटीओ ऑफिस पहुंचे। उनके पूर्व निर्धारित दौरे के अनुसार उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया और ट्रक बस यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी किया। संभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने ओटीएस योजना को और गति प्रदान करने पर जोर दिया।दरअसल अयोध्या संभाग में एकमुश्त शास्ति योजना के अंतर्गत जमा की गई धनराशि में अयोध्या में एक अप्रैल 2020 में आच्छादित वाहन 8322 और बकाया धनराशि 24 47.28 आवेदन नौ आए और निस्तारित भी नौ कर दिए गए। इसी प्रकार अंबेडकरनगर में आच्छादित वाहन 3218 बकाया धनराशि 776.94 ओटीएस योजना के तहत आवेदन 19 आए और निस्तारित 123 आवेदन किए गए जमा धनराशि 2.96 है। सुल्तानपुर में वाहन 3522 बकाया 428.26 आवेदन आठ है निस्तारित चार की गई। 1 लाख 97 हजार जमा कराए गए। बाराबंकी में आच्छादित वाहन 5198 बकाया धनराशि 16 26.17 ओटीएस योजना अंतर्गत 7 आवेदन आए जिसमें आठ का निस्तारण किया गया। वही ओटीएस योजना के अंतर्गत 4 लाख 59 हजार जमा कराए गए। अमेठी में 1795 आच्छादित वाहन बकाया धनराशि 363.85 आवेदन आए सात निस्तारित तीन आवेदन हुए और 2.19 लाख जमा कराया गया। अयोध्या संभाग में कुल आच्छादित वाहन 22055 और बकाया धनराशि 5643.50 लाख कुल आवेदन 50 प्राप्त हुए। जिनमें से 45 आवेदन स्थापित किए गए। उनसे कुल 16 लाख 60 हजार राजस्व प्राप्त हुई। उप परिवहन आयुक्त निर्मल प्रसाद ने मासिक लक्ष्य की भी समीक्षा की। संभाग का जुलाई माह के लक्ष्य 3339.38 के सापेक्ष 1366.20 लाख राजस्व प्राप्त किया गया। मासिक लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि 40.91 रही। उप परिवहन आयुक्त लखनऊ परिक्षेत्र निर्मल प्रसाद ने एकमुश्त शास्ति योजना और मासिक लक्ष्य के प्रगति की समीक्षा के दौरान संभाग के अधिकारियों को विभागीय प्रगति को और तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही हिदायत दी कि अगली बैठक में और अच्छे परिणाम संभाग के दिखने चाहिए।उप परिवहन आयुक्त अंबेडकर नगर भी जायेंगे। जहां पर कार्यालय निरीक्षण और नीलामी के कार्य में शामिल होंगे। उसके उपरांत अयोध्या में विश्राम के करने के बाद राजधानी रवाना हो जायेंगे। बैठक में आरटीओ प्रशासन संजय सिंह, एआरटीओ प्रशासन अयोध्या आरपी सिंह के अलावा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# समाज सेवा की मिसाल बने ब्राह्मणों के ध्वजवाहक को मिला समाज सेवा का सम्मान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ब्राह्मणों के ध्वजवाहक पंडित कृपा निधान तिवारी अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अयोध्या को ऊः ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी द्वारा मंगल पांडे के जन्मोत्सव कार्यक्रम राजभवन के पास आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के ब्राह्मण कुल शिरोमणि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के द्वारा मिले सम्मान ने अयोध्या के साथ साथ पूरे जिले के ब्राह्मणों का सम्मान बढ़ाने वाले श्री त्रिपाठी ने अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित करके ब्राह्मणों के प्रेरणास्रोत बन कर आवाज बुलंद कर रहे हैं ।राम लला की धरती के समाजसेवी के सम्मान ने एक बार फिर पूरे ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर अपनी संयुक्त शक्ति का प्रदर्शन करने का मार्ग प्रशस्त किया है।इसके लिए श्री त्रिपाठी बधाई के पात्र हैं। अपने गुरु पंडित बैजनाथ द्विवेदी के आदर्शों को आत्मसात करके समाज के लोगों का कल्याण करने में जुटे श्री त्रिपाठी ने समाज के हर जाति के गरीब वर्ग की मदद करके एक मिसाल कायम की है अब तक वह कई सैकड़ा गरीब ब्राह्मण कन्याओं की शादी में आर्थिक मदद कर चुके हैं बेसहारा हर तरफ से निराश ब्राह्मण समाज के लोगों के उत्पीड़न दबंगों द्वारा सताने वाले मामलों में मदद करके न्याय दिलाने में अग्रणी भूमिका अदा की है। जो पूरे देश में एक मिसाल बन गई है।तीन बिंदु पर काफी दिनों से इनके द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन में अभी सवर्ण समाज को मात्र 10: आरक्षण का झुनझुना मिला है जिसका कोई लाभ प्रशासन अड़गे बाजी के चलते सवर्ण समाज को नहीं मिल पा रहा है आर्थिक आधार पर आरक्षण सवर्ण आयोग का गठन पूरे देश में समान नागरिक संहिता और लोगों को एकजुट करने के लिए सतत प्रयासरत है कार्यक्रम की अध्यक्षता एस एस उपाध्याय तथा संचालन ऊं ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय दुबे दी ने किया। संरक्षक शिव प्रकाश मिश्र सेनानी अधिवक्ता उच्च न्यायालय डॉ सूर्य कुमार शुक्ल पूर्व डीजी होमगार्ड नम्रता पाठक प्रेम अवस्थी ममता तिवारी आदि ने मंगल पांडे जी के जीवनी पर प्रकाश डाला सभी ने पूरे देश के ब्राह्मणों को एकजुट करने का बड़ा संदेश देते हुए कहा है कि यदि ब्राह्मण एक नहीं हुआ तो समाज बिखर जाएगा और उसका कल्याण होना मुश्किल हो जाएगा कार्यक्रम में ओम प्रकाश पांडे उर्फ रज्जू के के तिवारी विजय अवस्थी श्रवण अवस्थी अरुणोदय तिवारी सच्चिदानंद पाठक आज बड़ी संख्या में ब्राह्मण लोग उपस्थित रहे।

## श्रावण मास कांवड़ यात्रा व मोहर्रम त्यौहार के मद्देनजर चौकी दर्शननगर में पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित : विचार विमर्श कर दिये निर्देश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी अयोध्या डा0 राजेश तिवारी व पुलिस उपाधीक्षक आशीष निगम व प्रभारी निरीक्षक,अयोध्या प्रभारी निरीक्षक यातायात अयोध्या की मौजूदगी में चौकी दर्शन नगर में पीस कमेटी की मीटिंग की गयी जिसमे हिन्दू मुस्लिम वर्ग के सम्भान्त व्यक्ति धर्मगुरु उपस्थित हुये जिनको आगामी श्रावण मास कांवड़ यात्रा व मोहर्रम त्यौहार को सम्पन्न कराये जाने हेतु उच्चाधिकारी द्वारा सम्बोधित कर निर्देशित किया गया जिससे कांवड़ियो के आगमन मार्ग में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो । सम्मानित व्यक्तियों द्वारा कावड़ यात्रा को सम्पन्न कराये जाने हेतु भारी डायवर्जन मया बाजार से कराये जाने का सुझाव दिया गया तथा यदि कोई चार पहिया वाहन अम्बेडकर नगर मार्ग से आने पर कूढ़ाकेशवपुर से डायवर्जन कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया है तथा कुछ सम्मानित व्यक्तियों द्वारा पोल व बैरियर पर रिफ्लेक्टर लगाये जाने हेतु सुझाव दिया गया है। पुजारी पुरवा पेट्रोल पम्प के पास अत्यधिक एक्सीडेन्ट प्वाइण्ट होने के कारण एम्बुलेंस हेतु सुझाव दिये गये। ग्राम प्रधानों से अपने–अपने वालण्टियर्स ड्रेस पहनकर उन्ही के बीच रहकर कांवड़ियो की यात्रा सुगम बनाये जाने हेतु उचाधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया है। हिन्दू मुस्लिम सम्प्रदाय के दोनों वर्गों से कांवड़िया व मोहर्रम त्योहार को भाईचारे की भावना से मिलकर मनाने हेतु बताया गया है तथा बूथ नम्बर 4 के पास बीच का डिवाइडर पूर्व की भांति मिट्टी से पाटकर सड़क क्रास कराये जाने हेतु सम्मानित व्यक्तियों द्वारा सुझाव दिये गये है। हिन्दू मुस्लिम वर्ग के दोनों सम्प्रदाय को मिलजुलकर सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया है। मार्ग में पड़ने वाले पड़ाव को सुरक्षित व बेहतर बनाने हेतु होटल संचालकोंध्ढाबा संचालको को भी आवश्यक निर्देश दिया गया व सम्मानित व्यक्तियों द्वारा दिये गये सुझाव पर यथासंभव विचार कर पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया।

# विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशानिर्देशन पर जनपद न्यायाधीश–अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद के मार्गदर्शन में रिचा वर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद की अध्यक्षता में 20 जुलाई 2022 को जीएस कॉलेज ऑफ लॉ बीकापुर अयोध्या में कालेज के प्रबंधक, प्राचार्य, ला विद्यार्थियों के साथ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद रिचा वर्मा द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिए जा रहे कानूनी सहायता जैसे निशुल्क नामिका अधिवक्ता, वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उक्त साक्षरता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रिचा वर्मा ,जेल विजिटरध्अधिवक्ता श्वेता राज सिंह, ला कालेज के प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार तिवारी, प्राचार्य डॉ जे पी दुबे, विधिक सलाहकार देवेंद्र कुमार तिवारी, प्रवक्ता अमित श्रीवास्तव, सुलेखा दुबे नागेंद्र, एवं ला कालेज की विधि छात्र उपस्थित हुए।

# कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए नौ जज नियुक्त करने की सिफारिश की

प्रयागराज ब्यूरो : सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एनवी रमण के नेतृत्व वाली सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के नौ जजों समेत 21 न्यायिक अधिकारियों को विभिन्न हाईकोर्ट में बतौर जज पदोन्नत किए जाने की सिफारिश की है। कॉलेजियम में चीफ जस्टिस रमण के अलावा जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस एएम खानविलकर भी शामिल हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए नौ न्यायिक अधिकारियों में– रेणु अग्रवाल, मोहम्मद अजहर हुसैन इदरिशी, राम मनोहर नारायण मिश्रा, ज्योत्सना शर्मा, मयंक कुमार जैन, शिवशंकर प्रसाद, गजेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह–प्रथम और नलिन कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं। कॉलेजियम ने सात न्यायिक अधिकारियों को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में न्यायाधीश के तौर पदोन्नत करने के प्रस्ताव की सिफारिश की। कॉलेजियम ने ए वेंकट रवींद्र बाबू, वी राधाकृष्णन कृपा सागर, श्यामसुंदर बंडारू, श्री



श्रीनिवास वुटुकुरु, बोपन्ना वराह लक्ष्मी नरसिम्हा चक्रवर्ती, टी मल्लिकार्जुन राव और दुप्पला वेंकट रमण के नाम की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने 19 जुलाई, 2022 को आयोजित बैठक में कर्नाटक हाईकोर्ट के लिए पांच न्यायिक अधिकारियों के पदोन्नति की सिफारिश की है। इनमें अनिल भीमसेन कट्टी, गुरुसिद्धैया बसवराजा, चंद्रशेखर मृत्युंजय जोशी, उमेश मंजूनाथभट अडिग और तलकड़ गिरिगौड़ा शिवशंकर गौड़ा शामिल हैं।

## जिले के सोहावल क्षेत्र में बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर पर छापे के दौरान हजारों रुपये की दवाये सीज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय जिले में स्वास्थ्य महकमा ने विना लाइसेंस दवा बेच रहे मेडिकल स्टोरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।इसी कड़ी में सोहावल चौराहे पर बिना



लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर पर ड्रग टीम ने छापेमारी किया।इस दौरान 42 हजार रुपए की दवाएं सीज की गई।अपर जिलाधिकारी प्रशासन व उप जिलाधिकारी सोहावल मनोज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सोहावल चौराहे पर बगैर लाइसेंस के मेडिकल स्टोर पर औषधि निरीक्षक सुमित वर्मा ने छापेमारी की। इस दौरान चौराहे पर संचालित मेडिकल स्टोर पर 42 हजार के भंडारन औषधियों को सीज किया गया। जबकि दो संदिग्ध दवाओं के नमूने जांच परीक्षण हेतु के जांच के लिए विश्लेषक प्रयोगशाला अलीगंज लखनऊ भेजा गया है।इस मौके पर औषधि निरीक्षक सुमित वर्मा ने बताया संबंधित मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस संचालित किया जा रहा था। मेडिकल स्टोर पर दो संदिग्ध औषधियों को जांच के लिए भेजा गया है। बतातें चले कि यह उसी अजय साहू के परिवार से जुड़ा मेडिकल स्टोर है। जहां सोमवार को रौनाही पुलिस ने छापेमारी कर 35 बोरी अवैध विस्फोटक पदार्थ और 26 गैस सिलेंडर बरामद किए है।

## आखिरकार कई दिनों बाद झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना,लोगों ने राहत की सांस

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में लंबे इंतजार के बाद बुधवार व गुरुवार को झमाझम बारिश हुई।दोपहर बाद आसमान में काले बादल आने से शहर में अंधेरा छा गया।इसके बाद तेज बारिश शुरू हुई। जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। बारिश से जहां तापमान में एकाएक 7 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बारिश से सबसे अधिक किसान खुश नजर आए। मौसम विभाग का अनुसार बुधवार को जिले में 33.4 मिली बारिश दर्ज किया गया। आगामी दो दिनों में जिले में अच्छी बारिश की संभावना है।पूर्वी उत्तर प्रदेश में 2 जुलाई के बाद उमस भरी गर्मी का प्रकोप जारी रहा था। बुधवार सुबह मौसम साफ था, आसमान में धूप निकली हुई थी। सुबह आठ बजे के बाद मौसम में बदलाव होना शुरू हुआ। दोपहर एक बजे आसमान में काले घने बादल छा गए। जिससे आधे घंटे तक अंधेरा छाया रहा। इसके बाद बारिश शुरू हुई। इस दौरान झमाझम बारिश ने मौसम को सुहाना कर दिया। बारिश अभी भी जारी है।इधर पिछले काफी दिनों से तेज धूप और उमस भरी गर्मी से हर कोई परेशान था, लेकिन सबसे अधिक किसान परेशान थे। किसान बारिश न होने के चलते धान की रोपाई नहीं कर पा रहे थे, जो किसान धान की रोपाई कर चुके थे, पानी के अभाव में फसल सूखने लगे थे। बुधवार दोपहर बारिश होने से सबसे अधिक किसान खुश नजर आए। बारिश होने से धान समेत अन्य फसलों को काफी फायदा पहुंचा है। वही इसी कड़ी में आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक प्रो अमर नाथ मिश्रा ने बताया कि आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मध्यम से घने बादल छाए रहने एवं मध्यम से तेज वर्षा होने की संभावना है। हवा सामान्य गति से पूर्व चलने के आसार हैं। बुधवार को जिले में 33.4 मिली बारिश रिकॉर्ड किया गया।

## ढाई माह बाद भी पुलिस नहीं बरामद कर सकी चोरी हुई बोलेरो : तहसील दिवस में पीड़ित के भाई ने लगाई गुहार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के बीकापुर कोतवाली से मात्र 2 किलोमीटर दूर पिपरी चौराहे पर स्थित कपड़ा व्यवसाई के दुकान के सामने खड़ी बोलेरो चोरी घटना के लगभग ढाई माह बीत जाने के बावजूद भी बीकापुर पुलिस घटना का कोई पर्दाफाश न कर सकने पर 16 जुलाई को पीड़ित का भाई बोलेरो चोरी की घटना में दो नामजद लोगों के खिलाफ तहसील दिवस से लेकर थाने पर शिकायत कर रहा है।किंतु बीकापुर पुलिस पसीजने का नाम नहीं ले रही है।उधर घटना का खुलासा और चोरों की पकड़ धड़ न हो पाने के चलते पीड़ित वाहन स्वामी का पुलिसिया कार्यवाही से विश्वास उठ गया है।पीड़ित बोलेरो मालिक के भाई ने बीते शनिवार को तहसील मुख्यालय पर जिलाधिकारी की मौजूदगी में आयोजित तहसील समाधान दिवस में बोलेरो चोरी की घटना में शामिल 2 लोगों के विरुद्ध नामजद शिकायत करते हुए कार्यवाही की गुहार की है लेकिन शिकायतों के बावजूद भी बीकापुर पुलिस मामले में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर सकी है। सूत्र के मुताबिक 17 मई मंगलवार रात बोलोरो गाड़ी संख्या यू पी–42 ए जे–7392 गाड़ी दुकान के सामने से लगभग दो माह पहले चोरी हुई थी। घटना के लगभग ढ़ाई महीने बीतने को हैं परन्तु अभी तक बीकापुर कोतवाली पुलिस चोरी की इस बड़ी घटना में शामिल चोरों का अता पता नहीं लगा सकी है। पीड़ित की शिकायतें मात्र ढाक के तीन पात रहती हैं जिन्हें इलाकाई पुलिस नजर अंदाज करते हुए हवा में उड़ा देती है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मेंं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।